सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 195 | इंदौर, मंगलवार 23 जनवरी, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

नेताजी सुभाषचंद्र जयंती



"जय जय सुभाष,
हे अमर दीप!
तुम थे स्वतंत्रता के प्रदीप!!"
भारतीय स्वतंत्रता-संग्राम
के महानायक
**श्री सुभाष चन्द्र बोस जी**
को उनके जन्म-दिन पर
**कृतज्ञ प्रणाम!**

# राम दर्शन के लिए भारी भीड़



## मोदी ने लिखा- प्राण प्रतिष्ठा सालों तक याद रहेगी सत्येंद्र दास बोले- त्रेतायुग जैसी हुई अयोध्या





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

अयोध्या। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद मंगलवार 23 जनवरी को मंदिर में आम लोगों का दर्शन शुरू हो चुका है। रात 3 बजे से ही दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। रामलला के दर्शन के लिए कई राज्यों से लोग आए हुए हैं।

जैसे ही मंदिर के गेट खुले तो लोगों में अंदर जाने के लिए होड़ सी मच गई। लोग धक्कामुक्की करते दिखे। शुरुआत में प्रशासन भीड़ के आगे बेबस नजर आया। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए रैपिड एक्शन फोर्स (RAF) ने मोर्चा संभाला। अब दर्शनार्थियों को छोटे-छोटे ग्रुपों में भेजा जा रहा है।

वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सुबह अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर प्राण प्रतिष्ठा का वीडियो शेयर किया। पीएम ने लिखा- हमने कल यानी 22 जनवरी को अयोध्या में जो देखा, वह आने वाले कई सालों तक हमारी यादों में अंकित रहेगा।

श्रीराम मंदिर तीर्थ क्षेत्र के मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास ने कहा- प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद गर्भगृह एक दिव्य रूप में दिखाई पड़ रहा है। ऐसा लगता है कि जब त्रेतायुग में भगवान राम विराजमान हुए थे, जिस तरह की उस समय व्यवस्था थी, वो बहुत आनंदित करने वाला था। त्रेतायुग की झलक इस समय भी देखने को मिल रही है। अयोध्या में भक्तों का समूह उमड़ पड़ा है। जय श्री राम के लग रहे नारे त्रेतायुग की अयोध्या की याद दिला रहे हैं। जितने लोग पहले दिन दर्शन की चाह लिए हुए हैं, सभी लोग आज दर्शन नहीं कर पाएंगे। कल भी, दो-चार दिन ऐसा ही चलेगा, क्योंकि भारी भीड़ है। मंदिर विलक्षण है, अयोध्या राममय हो गई है।

### दर्शन के लिए लोगों को छोटे-छोटे ग्रुप में भेजा जा रहा है

रामलला के दर्शन के लिए हजारों लोगों की भीड़ उमड़ी है। लोग किसी भी तरह भगवान के दर्शन करना चाह रहे हैं। व्यवस्था न बिगड़े, इसलिए लोगों को छोटे-छोटे ग्रुप में भेजा जा रहा है। रामलला के दर्शन के लिए भारी भीड़ उमड़ी हुई है। व्यवस्था न बिगड़े, इसलिए दर्शनार्थियों की चैकिंग फिर शुरू की गई है। कुछ देर के लिए इसे रोका गया था।

# पूरे इंदौर में दिवाली जैसा नजारा

## राम नाम की गूंज, लाखों दीपक हुए प्रज्जवलित, राजवाड़ा और छप्पन भी दमका





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** 22 जनवरी यानी आज अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरा शहर राममय हो गया एक समय तो ऐसा लगा मानो पूरी अयोध्या मां अहिल्या की नगरी में उतर आई हो । शाम होते ही पूरे शहर में दीपावली जैसा नजारा दिखाई दिया। सुबह 5 बजे से ही मंदिर रोशन हो गए। गली-गली मंदिर-मंदिर में राम नाम गूंज रही। कलश यात्रा, शोभायात्रा में लोग थिरकते रहे । हार-फूलों से मंदिरों में देव प्रतिमाओं का श्रृंगार किया गया। फूल बंगले बनाए गए। 500 से ज्यादा स्थानों पर राम मंदिर की प्रतिकृति तैयार की गई।

मंदिरों में अखंड रामायण पाठ, सुंदर कांड से लेकर मोहल्लों में श्रीराम कथा का आयोजन हुआ। शाम को दिवाली जैसा माहौल रहा घर-घर दीप जलाए गए। बच्चों द्वारा घर-घर राम आधारित पेंटिंग बनाई गई। पूरे शहर में लाखों दीये प्रज्जवलित किए गए।

उधर, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय पितृ पर्वत पर लगाई गई बड़ी स्क्रीन में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव छकश्ए देखा। सुंदर कांड का पाठ किया और भजन गाए। विजयवर्गीय ने गोविंदा आला रे..गाते हुए नृत्य भी किया।

### खजराना इलाके में मिला-जुला माहौल

खजराना गणेश मंदिर रोड को जबर्दस्त तरीके से भगवा झंडों से सजाया गया। सड़क के दोनों ओर श्रृंगार किया गया। हालांकि, मुस्लिम इलाके में भारी बल तैनात किया गया। अफसर पैदल पेट्रोलिंग करते रहे। यहां मार्केट 90 फीसदी बंद रहा। पूरे इलाके में मिला-जुला माहौल नजर आया। शहर के सभी शॉपिंग माल, व्यावसायिक प्रतिष्ठान, बड़े बाजार, सार्वजनिक स्थानों और रहवासी इलाकों में राम मंदिर की प्रतिकृति व अयोध्या मॉडल पर खास सजावट की गईं। संस्थानों, बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर विशेष लाइटिंग और डेकोरेशन किया गया।







## कपड़ा व्यापारियों ने मार्केट मनाया राम उत्सव

### ◆गोवर्धन चौक में की महाआरती, जमकर की आतिशबाजी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर के कपड़ा मार्केट में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। पूरे मार्केट को सजाया गया। प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में व्यापारियों ने गोवर्धन चौक में महाआरती की। इस दौरान जमकर आतिशबाजी की गई। यहां मोतीचूर के लड्डूओं का वितरण भी किया गया।**

उल्लेखनीय है कि उत्सव को लेकर कपड़ा मार्केट को भव्य रूप से कपड़ों से सजाया गया, ध्वजा, पताकाएं और कट आउट लगाए गए । मार्केट में लाइटिंग भी की गई। व्यापारियों ने भी अपनी-अपनी दुकानों पर सुंदर सजावट की। सोमवार को व्यापारी हाथों में आरती की थाली लेकर पहुंचे और प्रभु राम की महाआरती कर सभी के कल्याण की कामना की।

इस मौके पर हंसराज जैन, रजनीश चौरडिया, अरुण बाकलीवाल, गिरधर गोपाल नागर, कैलाश मूंगड़, नरेंद्र नीमा, मनोज नेमा, विनीत कोचर, शिवा जगवानी, राजेश नाहटा, सुनील रामपुरिया, विपिन जैन, ज्ञानचंद संचेती आदि शामिल हुए।

### कटाक्ष




## बिजली के कार्य समयसीमा में पूर्ण करने के लिए गंभीरता रखें

### ◆नए बिजली कनेक्शन तीन दिन से कम अवधि में प्रदान करें



### प्रबंध निदेशक तोमर ने ली विभागाध्यक्षों की मिटिंग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। बिजली अनिवार्य सेवाओं में शामिल हैं। बिजली संबंधी कार्य समय सीमा में हो, इसके लिए सभी अधिकारी गंभीरता से कार्य करे, यदि कोई कार्य नियमों में नहीं आता है, तो इसकी सूचना योग्य माध्यम से संबंधित को दी जाए, ताकि वह संतुष्ट हो सके।**

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक अमित तोमर ने ये निर्देश दिए। वे सोमवार की शाम पोलोग्राउंड इंदौर स्थित सभागार में समय सीमा मिटिंग में विभागाध्यक्षों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नए कनेक्शन मांग के अनुसार एक, दो दिन में ही उपलब्ध हो जाए, आवेदन आए यदि तीन दिन से ज्यादा समय होने पर कारण लिखा जाए, लाइन विस्तार की स्थिति हो तो भी स्पष्ट टीप लिखी जाए। श्री तोमर ने कहा कि संभागीय समीक्षा बैठक की इंदौर एवं उज्जैन के मुख्य अभियंता तैयारी करें। श्री तोमर ने ई-आफिस की तैयारी करने एवं सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी अन्य कार्य सेवाओं को समय पर करने को कहा। उन्होंने मैंटेनेंस गुणवत्ता से करने, ट्रिपिंग में कमी लाने और कृषि क्षेत्र में लगे ट्रांसफार्मर ओवल लोड नहीं होने देने के निर्देश दिए। श्री तोमर ने कहा कि इंदौर और उज्जैन में सोलर सिटी के लिए कंपनी के मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता उपभोक्ताओं, व्यापारियों, उद्योग संघ, शासकीय अधिकारियों आदि से संपर्कित रहे, ताकि इस दिशा में कार्ययोजना पर अमल में आसानी हो। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक रिंकेश कुमार वैश्य, निदेशक तकनीकी सचिन तालेवार, कार्यपालक निदेशक गजरा मेहता, मुख्य अभियंतागण एसआर बमनके, रवि मिश्रा, एसएल करवाड़िया, एसआर सेमिल, बीएल चौहान, आरके आर्या आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे।







# पालीवाल समाजजन द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। 500 साल के इंतजार के बाद 22 जनवरी को शुभ घड़ी आ गई जिस दिन अयोध्या में श्रीराम लालाजी की प्राण प्रतिष्ठा की गई जिसको लेता देश भर में उत्साह का माहौल है वही पालीवाल समाजजन द्वारा सुभाष चौक शिव मंदिर से अब भंडारी ब्रिज शिलनाथ कैम्प पालीवाल धर्मशाला तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में महिला और पुरुष शामिल थे वही छोटे-छोटे बच्चे कोई रामलाल तो कोई राम भक्त हनुमान तो कोई माता दी सीता और भगवान लक्ष्मण के वेशभूषा में नजर आए यात्रा में केसरिया साड़ी पहने महिला हाथों में केसरिया झंडा लेकर जय जय श्री राम के नारे लगाते हुए चल रही थी वही शोभायात्रा के दौरान जगह जगह मंच लगाकर यात्रा का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में राम भक्त पालीवाल समाज के समाज जन- मौजूद थे।

# संस्था सृजन का पतंगोत्सव 26 जनवरी को

## ◆ गणतंत्र दिवस पर आसमान में उड़ेगी सामाजिक सरोकार का संदेश देती हजारों पतंगें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। संस्था सृजन द्वारा पतंगोत्सव और बसंत पंचमी मिलन समारोह का आयोजन 26 जनवरी को एयरपोर्ट रोड स्थित बीएसएफ ग्राउंड पर किया जाएगा। गणतंत्र दिवस पर तीन रंगों वाली सामाजिक सरोकार का संदेश देने वाली हजारों पतंगे आसमान में उड़ेंगी, इसमें इंदौर सहित 12 जिलों के पतंगबाज भाग लेंगे। श्रेष्ठ पतंगबाजों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय के साथ प्रोत्साहन पुरुस्कार भी दिया जाएगा। उत्सव सुबह 11 से शाम 6 बजे तक होगा। इस अवसर पर कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायक रमेश मेंदोला सहित कई राजनेता पतंग उड़ाएंगे। शाम को रंगारंग आतिशबाजी भी की जाएगी। इसमें झंडावंदन महामंडलेश्वर उत्तम स्वामीजी के सान्निध्य में किया जाएगा।**

संस्था के अध्यक्ष कमलेश खंडेलवाल, संयोजक गोविंद गोयल, महेश दलोद्रा ने बताया कि पतंगोत्सव में पतंगबाजी की प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। इसमें इंदौर, देवास, धार, उज्जैन, महू, राउ, देवास सहित 12 जिलों के पतंगबाज आएंगे। संस्था द्वारा 5000 पतंगें निःशुल्क वितरित की जाएंगी। महोत्सव का आयोजन पिछले 20 साल से किया जा रहा है। पतंगबाजी उत्सव का यह 21वां वर्ष है। इस अवसर पर झंडावंदन भी किया जाएगा और देशभक्ति के गीत गाए जाएंगे। क्षेत्र के लोग सपरिवार उत्सव में भाग लेंगे। उत्सव की शुरूआत शहर के प्रमुख साधु-संतों, समाजसेवियों और राजनैतिक संगठनों के प्रमुखों की मौजूदगी में होगी। महिला संयोजक तनुजा खंडेलवाल ने बताया कि आयोजन के संचालन के लिए 400 सदस्यों की समिति बनाई गई है।

## महिलाओं ने क्रिकेट मैच में दिखाया हुनर

# टैक्स प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन और स्टेट जीएसटी डिपार्टमेंट की महिला सदस्यों में हुआ टूर्नामेंट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। आमतौर पर टैक्स की बारीकियों में उलझे रहने वाले कर प्रशासन में अपना अपना रोल अदा करने वाले महिला ऑफिसर्स और प्रोफेशनल रविवार को कुछ अलग अन्दाज में नजर आए और क्रिकेट मैच में अपने हुनर का प्रदर्शन किया।

टैक्स प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन के प्रेसिडेंट सीए जेपी सराफ एवं मानद सचिव सीए अभय शर्मा ने रविवार को बताया कि इंदौर के इतिहास में यह पहली बार है कि महिला सदस्यों का क्रिकेट मेच आयोजित किया गया। इसमें करीब 8 लीग मैच हुए जिसमें दोनों संस्थाओं की महिला सदस्यों ने जोर शोर से भाग लिया।

### टीपीए कप्तान सीए संजना राठी ने जीता टॉस

सीए सुनील पी जैन एवं सीए कृष्ण गर्ग में कहा कि लीग मैच के परिणाम के पश्चात फाइनल मैच में जीएसटी विभाग से कप्तान रजनी सिंह एवं टीपीए कप्तान सीए संजना राठी के बीच टॉस हुआ जो कि टीपीए के पक्ष में गया। टीम टीपीए ने बैटिंग चुनी एवं पहले बल्लेबाजी करते हुए कुल 8 ओवर्स में 70 रन बनाए। 71 के लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम जीएसटी 8 ओवरों में 8 ओवर में 3 विकेट पर 42 रन ही बना पाई तथा टीम टीपीए ने फाइनल मैच 28 रनों से जीत कर विजेता ट्रॉफी प्राप्त की।

### प्रतिस्पधार्ओं से होता है सर्वांगीण विकास

मुख्य अतिथि स्टेट जीएसटी कमिश्नर लोकेश जाटव एवं प्रीति जाटव ने कहा कि इस प्रकार की प्रतिस्पधार्ओं से व्यक्ति का सर्वांगीण विकास होता है तथा खिलाड़ी भावना का जन्म होता है। जब इस प्रकार के मैच विभाग और कर सलाहकारों के बीच होते हैं तो उनके आपस की झिझक तो कम होती ही है। यही पक्ष जब कर प्रशासन का कार्य करते हैं तो दोनों पक्षों में अनुकूलता होती है।

**मेन ऑफ द मैच टीपीए की कप्तान सौम्या राठी-** मेन ऑफ द मैच टीपीए की कप्तान सौम्या राठी रहीं, जिन्होंने निर्णायक फाइनल मैच में 58 रन बनाए तथा 2 विकेट भी लिए। मेन ऑफ द टूर्नामेंट जीएसटी अपर आयुक्त मुख्यालय रजनी सिंह रहीं। इस अवसर पर जीएसटी अपर आयुक्त धरमपाल शर्मा, आर के शर्मा, इन्दु जैन, जॉइंट कमिश्नर अनुराग जैन, निमामा, सीए कीर्ति जोशी, गोविंद गोयल, सीए दीपक माहेश्वरी, सोनाली जैन, सीए केमिशा सोनी, सीए अविनाश अग्रवाल, आरएस गोयल सहित बड़ी संख्या में ऑफिसर्स एवं सदस्य मौजूद थे।

# झंडा ऊंचा रहे हमारा अभियान के तहत कार्यक्रम

## शहीद बनवारीलाल के परिजनों का सम्मान, अ.भा. कवि सम्मेलन में गूंजे राम भक्ति और देशभक्ति के तराने

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहीद के परिजनों का सम्मान करते समय शब्द मौन हो जाते हैं। मैं आज कृतज्ञ हूं। ऐसे परिजनों का सम्मान करने से समाज को राष्ट्रभक्ति एवं राष्ट्रसेवा की प्रेरणा मिलती हैं। शहीद का परिवार हमारे परिवार का ही हिस्सा है।**

यह बात मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने सुसनेर (आगर-मालवा) के जाबांज शहीद सैनिक बनवारी लाल राठौर के परिजनों का सम्मान करते हुए देवी अहिल्या वि.वि. सभागृह में संस्था सेवा सुरभि द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में कही। जिला प्रशासन, नगर निगम, इंदौर विकास प्राधिकरण एवं पुलिस की सहभागिता में आयोजित इस कार्यक्रम में शहीद के परिजनों के सम्मान के साथ ही अ.भा. कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आईडीए अध्यक्ष जयपालसिंह चावड़ा, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, अनिल त्रिवेदी, समाजसेवी भरत मोदी, विष्णु बिंदल, वीरेंद्र गोयल आदि विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में इंविप्रा के सीईओ ओ.पी. अहिरवार ने भी अमर शहीद बनवारी लाल राठौर के पिता रामदयाल राठौर, पत्नी सुनीता राठौर, बहन आशा, बहनोई मेघवाल और बालक हर्ष का सम्मान किया गया। समाजसेवी भरत मोदी ने श्रद्धानिधि के रूप में शहीद की पत्नी सुनीता राठौर को एक लाख रुपये का चेक प्रदान किया। सम्मान पत्र का वाचन मोनिका व्यास ने किया। अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर संस्था की ओर से ओमप्रकाश नरेडा, अनिल गोयल, अरविंद बागड़ी, अनिल त्रिवेदी आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। आईडीए अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा, अतुल सेठ, कमल कलवानी आदि ने कवियों की अगवानी की। कार्यक्रम का संचालन संजय पटेल ने किया। इस मौके पर प्रकाश हिंदुस्तानी, अजीत सिंह नारंग, अर्चना जायसवाल, डॉ ओ. पी. जोशी, निर्मला मोदी, श्रीनिवास कुटुंबले, श्याम पांडे, दिलीप अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

### मां-बाप के चरणों में मिलते हैं चारों धाम

इसके पहले सत्र में कवि सम्मेलन हुआ। इसमें रामभक्ति के साथ देशभक्ति के तराने गूंजे। कवि सम्मेलन की शुरूआत कवियत्री डॉ. कीर्ति काले द्वारा सरस्वती वंदना के साथ हुई। उन्होंने कहा - अयोध्या में ढूंढोगे तो मिलते हैं श्री राम, मथुरा मे ढूंढोगे तो मिलते है घनश्याम, काशी मे ढूंढोगे तो मिलते है भोलेनाथ, मगर मां-बाप के चरणों में मिलते हैं चारों धाम। लखनऊ से आये हास्य कवि सर्वेश अस्थाना ने पुलिस, राजनीति, फिल्म, प्रशासन आदि पर छोटी छोटी क्षणिकाएँ सुनाकर सबको खूब हंसाया। प्रेम और श्रृंगार की कवियत्री अनामिका जैन अंबर ने ह्यमेरा अपना अंदाज हैं, चली जाउंगी मै सब छोड़कर अपनी आवाज दे देना, तुम्हारे ही लिए मैंने इतने गीत गजले लिखी, सुनाती हूं तुमको तुम तालियों का ताज दे देना....।

# शिमला, जम्मू, धर्मशाला-देहरादून से भी ठंडे मप्र के शहर

## दतिया, ग्वालियर में रात में रिकॉर्ड ठंड; भोपाल, इंदौर-जबलपुर भी ठिठुरे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। सर्द हवाओं से पूरे मध्य प्रदेश में ठंड बढ़ गई है। दतिया, ग्वालियर, राजगढ़, खजुराहो, रीवा और पचमढ़ी की रातें शिमला, जम्मू, धर्मशाला-देहरादून से भी ठंडी हैं। दतिया में टेम्प्रेचर रिकॉर्ड 2.8 डिग्री पहुंच गया है, जबकि बाकी शहरों में पारा 5 डिग्री से नीचे है। ग्वालियर, जबलपुर, खजुराहो, नौगांव जैसे कई शहर तो दिन में ठिठुर रहे हैं। भोपाल और इंदौर में भी ठिठुरन बढ़ी हुई है।**

मौसम वैज्ञानिकों की माने तो अगले एक-दो दिन तक मौसम ऐसा ही रहेगा। 26 जनवरी के बाद दिन-रात के टेम्प्रेचर में बढ़ोतरी होने का अनुमान है।



### ग्वालियर-खजुराहो में कोल्ड-डे, खजुराहो सबसे ठंडा

प्रदेश में सोमवार को भी कड़ाके की ठंड का असर रहा। ग्वालियर और खजुराहो में कोल्ड-डे यानी ठंडा दिन दर्ज किया गया। खजुराहो प्रदेश में सबसे ठंडा रहा। यहां एक ही दिन में पारा 5.6 डिग्री लुढ़ककर 13.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ग्वालियर में 15.2 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। कई शहरों में शीतलहर का असर भी देखने को मिला। बड़े शहरों की बात करें तो ग्वालियर सबसे ठंडा रहा। भोपाल में 24.3 डिग्री, इंदौर में 23.8 डिग्री, जबलपुर में 23.8 डिग्री एवं उज्जैन में 24.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### खजुराहो-नौगांव समेत 18 शहरों में 25 डिग्री से कम तापमान

सोमवार को खजुराहो और नौगांव समेत 18 शहरों में दिन का तापमान 25 डिग्री से कम रहा। नौगांव में 18 डिग्री, टीकमगढ़ में 18.5 डिग्री दर्ज किया गया। रीवा, रायसेन, मलाजखंड, सतना, सीधी, सागर, शाजापुर, पचमढ़ी, धार, गुना, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, शिवपुरी, उमरिया में पारा 25 डिग्री से कम रहा। मंडला में सबसे ज्यादा 27.2 डिग्री दर्ज किया गया।

### ग्वालियर-खजुराहो में देहरादून से भी कम पारा

रात के तापमान की बात करें तो रविवार-सोमवार की रात में दतिया में रिकॉर्ड 2.8 डिग्री तापमान था। राजगढ़ में टेम्प्रेचर 4.4 डिग्री, ग्वालियर-रीवा में 4.6 डिग्री, पचमढ़ी-खजुराहो में 4.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यदि पहाड़ी राज्यों की बात करें तो जम्मू में 5 डिग्री, कटरा में 3 डिग्री, हिमाचल प्रदेश के शिमला में 3 डिग्री, धर्मशाला में 5.2 डिग्री, उत्तराखंड के देहरादून में 6.6 डिग्री, नैनीताल में 4.5 डिग्री और पंजाब के अमृतसर में पारा 7.2 डिग्री दर्ज किया गया। इस हिसाब से पहाड़ी राज्यों के प्रमुख शहरों से ज्यादा ठंड एमपी के शहरों में पड़ रही है।

### आज ऐसा मौसम

कोल्ड-डे: दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, जबलपुर, सतना, रीवा, मऊगंज और सीधी जिलों में।

हल्के से मध्यम कोहरा: इंदौर, खंडवा, धार, दतिया, सीधी, जबलपुर, पन्ना और छतरपुर जिलों में। यहां विजिबिलिटी 200 से 800 मीटर रहने का अनुमान है।

मध्यम से घना कोहरा: रीवा, मऊगंज, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी जिलों में। यहां 50 से 500 मीटर तक विजिबिजिटी रहेगी।

### इस वजह से मौसम बदला

मौसम केंद्र, भोपाल के सीनियर वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया, देश के उत्तरी इलाके से सर्द हवा आ रही हैं। वहीं, जमीन से 12 किमी ऊंचाई पर माइनस 53 डिग्री तापमान के बीच हवा की रफ्तार 250 किमी प्रति घंटा है। इस कारण जमीन पर ठंडक और भी बढ़ गई है। अगले एक-दो दिन ऐसा ही मौसम बना रहेगा।

---

## हेल्पलाइन पर कॉल कर बुलाई पशु एम्बुलेंस

# फिर तोड़फोड़ कर लगा दी आग

### समझने पर भी नहीं माना, सामने आया वीडियो

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मंदसौर। सुवासरा थाना क्षेत्र के टोकड़ा गांव में सोमवार की दोपहर में पशु एम्बुलेंस में आग लगाने के मामला सामने आया है। इसका एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें आरोपी पशु एम्बुलेंस में तोड़फोड़ कर आग लगाते दिखाई दे रहा है।**

पशु एम्बुलेंस में आग लगाने वाला युवक टोकड़ा गांव का ही है। उसने जानबूझकर एम्बुलेंस को गांव बुलाया और जब एम्बुलेंस गांव पहुंची तो आरोपी युवक ने उसमें तोड़फोड़ कर आग लगा दी।

सुवासरा थाना प्रभारी शिवांशु मालवीय ने बताया की टोकड़ा निवासी अरविंद पंवार (28) ने पशु एम्बुलेंस के हेल्पलाइन नंबर 1962 पर कॉल किया और बताया की उसके डॉग और गाय को किसी ने गोली मार दी है। इस पर पशु एम्बुलेंस से डॉ सुमित कुमार टीम के साथ टोकड़ा गांव पहुंचे वहां पता चला ऐसी कोई घटना नहीं हुई है और ना कोई का पशु बीमार है।

फिर आरोपी ने वेटनरी टीम के साथ बदतमीजी करते हुए पशु एम्बुलेंस में तोड़फोड़ शुरू कर दी और उसमें आग लगा दी। वेटनरी टीम ने ग्रामीणों की मदद के किसी तरह आग बुझाई लेकिन तब तक एम्बुलेंस में काफी नुकसान हो गया।

घटना का एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें एम्बुलेंस टीम और ग्रामीण उसे समझा रहे हैं लेकिन वह किसी की नहीं सुन रहा। मामले में वेटनरी डॉ सुमित कुमार की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ शासकीय सम्पति को नुकसान पहुंचाने, सरकारी कर्मचारी के साथ मारपीट करने जैसी धाराओं में प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### पहले भी कर चूका है ऐसी हरकत

पुलिस के मुताबिक आरोपी साइको किस्म है। इससे पहले भी आरोपी डायल 100 पर कॉल कर उसे बुला चुका है। हालांकि उसमें पुलिस के होने से आरोपी ने किसी घटना को अंजाम नहीं दिया लेकिन इस बार पशु एम्बुलेंस में आरोपी ने तोड़फोड़ कर आग लगा दी।

---

# मादा चीता ज्वाला ने 3 शावकों को जन्म दिया

## ◆ कूनो से 20 दिन में दूसरी बार आई बड़ी खुशखबरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**श्योपुर। श्योपुर जिले के कूनो नेशनल पार्क से एक और बड़ी खुशखबरी मिली है। मादा चीता ज्वाला ने सोमवार को 3 शावकों को जन्म दिया है। इसकी जानकारी केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र सिंह ने आज सुबह करीब 8 बजे अपने X हैंडल पर पोस्ट करके दी है। इससे पहले ज्वाला ने 27 मार्च 2023 को 4 शावकों को जन्म दिया था। वहीं, 3 जनवरी को मादा चीता आशा ने 3 शावकों को जन्म दिया था।**



कूनो नेशनल पार्क के डीएफओ आर थिकुराल ने बताया कि नामीबिया से आठ चीते पिछले 17 सितंबर को लाए गए थे। मादा चीता ज्वाला ने इससे पहले 4 शावकों को जन्म दिया था, उनमें से 3 की मौत हो चुकी है। एक शावक पूरी तरह से स्वस्थ है। थिकुराल ने बताया कि सोमवार को जन्मे तीनों शावक पूरी तरह स्वस्थ हैं। वन विभाग का अमला इन पर निगरानी बनाए हुए है।

मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोशल मीडिया पर लिखा नामीबियाई चीता आशा द्वारा अपने शावकों को जन्म देने के कुछ ही सप्ताह बाद ही यह खुशखबरी आई है। देशभर के वन्यजीव अग्रिम पंक्ति के योद्धाओं और वन्यजीव प्रेमियों को बधाई। भारत में इसी तरह से वन्य जीवन फले-फूले।

### पवन चीता है इन शावकों का पिता

डीएफओ ने बताया कि ज्वाला चीता ने जिन 3 शावकों को जन्म दिया है, उनका पिता पवन (पुराना नाम ओबान) है। मादा चीता आशा के 3 शावकों का पिता भी पवन ही है। पवन वही चीता है जो पिछले महीनों कूनो से बार-बार बाहर निकलकर विजयपुर, पोहरी और फिर शिवपुरी जिले के माधव नेशनल पार्क तक जा चुका है। वहां से इसे 2 से 3 बार ट्रेंकुलाइज करके कूनो वापस लाया गया था।

---

**नदी जोड़ो परियोजना के तहत देश का पहला प्रोजेक्ट**

# केन-बेतवा लिंक के दौधन डेम निर्माण के लिए किसी भी कंपनी ने नहीं डाली बिड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** नदी जोड़ो परियोजना के तहत देश के पहले प्रोजेक्ट केन-बेतवा लिंक के लिए बनाए जाने वाले दौधन डेम निर्माण के लिए किसी भी कंपनी ने बिड जमा नहीं की है। बिड जमा करने की अंतिम तारीख 18 जनवरी थी, जो बीत चुकी है। यह स्थिति तब है जब बिड जमा करने की अंतिम तारीख 10 अक्टूबर 2023 से निर्माण कंपनियों को 3 माह का अतिरिक्त समय दिया जा चुका है।

आखिर निर्माण कंपनियां इस प्रोजेक्ट में शामिल होने से क्यों बच रही हैं, उन्हें टेंडर की कौन सी शर्त या प्रावधान को लेकर चिंता है, यह पता लगाने के लिए नेशनल वॉटर डेवलपमेंट एजेंसी (एनडब्ल्यूडीए) और केन बेतवा लिंक अथॉरिटी (केबीएलपीए) ने देश की सभी दिग्गज निर्माण कंपनियों के साथ प्री-बिड मीटिंग करने का फैसला किया है। यह बैठक 1 फरवरी को भोपाल में होगी।

इसके साथ ही दौधन डेम के टेंडर की बिड जमा करने की तारीख एक बार फिर बढ़ाकर 5 मार्च कर दी गई है। केबीएलपीए सूत्रों के मुताबिक 11 अगस्त को दौधन डेम के टेंडर जारी किए गए थे। इससे पहले तीन बार देश की 20 बड़ी निर्माण कंपनियों के प्रतिनिधियों को बुलाकर सुझाव लिए गए थे। टेंडर के प्रावधानों पर भी विस्तार से चर्चा हुई थी। अब एक बार फिर से सभी प्रमुख निर्माण कंपनियों को बुलाकर मप्र और उत्तरप्रदेश के अधिकारियों की मौजूदगी में चर्चा की जाएगी, ताकि निर्माण कंपनियों की दुविधा का पता लगाया जा सके।

New Delhi

# राम नाम की होगी गूंज, मक्का और वेटिकन का भी टूटेगा रिकॉर्ड; पहुंचेगा 10 करोड़ भक्तों का सैलाब

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** अयोध्या में रामलला के विराजमान होने के साथ ही 500 सालों का इंतजार खत्म हो गया। भारत और दुनिया के तमाम देशों में रह रहे राम भक्तों के लिए यह भावुक करने वाला क्षण था। अब अयोध्या में भक्तों का सैलाब उमड़ सकता है। अनुमान है कि एक साल में राम मंदिर जाने वालों की संख्या 10 करोड़ तक हो सकती है, जो दुनिया के किसी भी धार्मिक स्थल से ज्यादा होगी। मक्का में सालाना 2 करोड़ लोग ही जाते हैं, जबकि वेटिकन पहुंचने वालों का आंकड़ा 90 लाख ही है। इस लिहाज से देखें तो राम मंदिर इन सभी से कहीं आगे होगा। इसके अलावा भारत में ही काशी के विश्वनाथ धाम, अमृतसर के पवित्र स्वर्ण मंदिर, दक्षिण



में आस्था के बड़े केंद्र तिरुपति मंदिर और वैष्णो देवी धाम से भी कहीं ज्यादा लोगों के राम मंदिर पहुंचने की उम्मीद है। काशी विश्वनाथ धाम में बीते दो सालों को मिलाकर देखें तो 13 करोड़ लोग पहुंचे थे, जो बहुत बड़ा आंकड़ा है। अब उससे भी कहीं आगे राम मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लग सकता है। यही नहीं इससे यूपी सरकार के राजस्व में भी बड़े उछाल की उम्मीद है। एसबीआई की रिसर्च रिपोर्ट के अनुसार राम मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के चलते यूपी सरकार को वित्त वर्ष 2024-25 में करीब 25 हजार करोड़ रुपये का राजस्व मिल सकता है।

आंकड़ों के मुताबिक आंध्र प्रदेश के तिरुपति बालाजी मंदिर में हर साल 2.5 करोड़ लोग जाते हैं। भगवान वेंकटेश्वर के इस पवित्र मंदिर की दुनिया भर में मान्यता है और बड़े पैमाने पर लोग दान भी करते हैं।

Uttarpradesh



## दिन में छह बार होगी रामलला की आरती, जारी होंगे पास; 24 घंटे के आठों पहर होगी अष्टयाम सेवा

**अयोध्या, (एजेंसी)** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब उनकी पूजा और आरती में भी बदलाव होने जा रहा है। पूरी पद्धति को व्यवस्थित किया गया है। अब रामलला की 24 घंटे के आठों पहर में अष्टयाम सेवा होगी। इसके अलावा रामलला की छह बार आरती होगी। आरती में शामिल होने के लिए पास जारी होंगे। अब तक रामलला विराजमान की दो आरती होती थीं। रामलला के पुजारियों के प्रशिक्षक आचार्य मिथिलेशनंदिनी शरण ने कहा, अब रामलला की मंगला, श्रृंगार, भोग, उत्थापन, संध्या व शयन आरती होंगी। संभव है उत्थापन आरती पुजारी खुद कर लें और फिर दर्शन के लिए पर्दा खोलें। इसे लेकर ट्रस्ट ही घोषणा करेगा।

**उत्थापन आरती में उतरेगी नजर-** मंगला आरती भगवान को जगाने के लिए होती है। श्रृंगार आरती में उन्हें सजाया जाता है। भोग आरती में पूड़ी-सब्जी-खीर का भोग लगाया जाता है। उत्थापन आरती रामलला की नजर उतारने के लिए की जाती है। सांध्या आरती शाम के वक्त होती है और फिर भगवान को सुलाने से पहले शयन आरती।

**दोपहर में हर घंटे लगेगा भोग-** दोपहर में रामलला को पूड़ी-सब्जी, रबड़ी-खीर के भोग के अलावा हर घंटे दूध, फल व पेड़े का भी भोग लगेगा। रामलला सोमवार को सफेद, मंगलवार को लाल, बुधवार को हरा, बृहस्पतिवार को पीला, शुक्रवार को क्रीम, शनिवार को नीला व रविवार को गुलाबी रंग वस्त्र पहनेंगे।

Gujrat



## गुजरात के इस शख्स ने राम मंदिर के लिए दिया सबसे बड़ा दान, 11 करोड़ रुपये का मुकुट किया भेंट

**सूरत, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश और अयोध्या समेत पूरे देश के लिए 22 जनवरी का दिन ऐतिहासिक रहा, 5 शताब्दियों के बाद प्रभु श्री राम अपने भव्य और दिव्य राम मंदिर में विराजमान हुए. अयोध्या में राम जन्मभूमि पर बने भगवान श्री राम के मंदिर के लिए सूरत के डायमंड कारोबारी ने 11 करोड़ रुपए की कीमत का एक मुकुट दान किया है. मुकुट दान करने के लिए डायमंड कारोबारी अपने परिवार समेत खुद अयोध्या धाम राम मंदिर पहुंचे थे. सूरत के डायमंड कारोबारी मुकेश पटेल ने अपनी ग्रीन लैब डायमंड कंपनी में ही सोना, डायमंड, और नीलम जड़ित कुल 6 किलो वजन वाला भगवान रामलला के लिए मुकुट तैयार करवाया था.

Uttarakhand

## शीतलहर ने बढ़ाई गलन, ठंड से कांपा उत्तराखंड, हरिद्वार और ऊधमसिंहनगर में कोहरे का अलर्ट

**देहरादून, (एजेंसी)** उत्तराखंड में ठंड का कहर जारी है। आज मंगलवार को दिन की शुरुआत हल्की धूप के साथ हुई, लेकिन सुबह शाम शीतलहर के कारण लोग ठंड से कांप रहे हैं। वहीं, मौसम विभाग की मानें तो आज हरिद्वार और ऊधमसिंहनगर में घना कोहरा छाने का अलर्ट जारी किया गया है।

बीते कुछ दिनों से मैदानी इलाकों में कोहरा छाने से पहाड़ों की तुलना में अधिक ठंड हो रही है। तापमान गिरने से गलन वाली ठंड खूब परेशान कर रही है। हालांकि, पहाड़ी क्षेत्रों में धूप खिलने से मौसम खुशनुमा हो रहा है।

### ◆ कहां कैसा है मौसम

- पहाड़ों की रानी मसूरी, धनोल्टी और कैम्पटी में मौसम साफ है, लेकिन ठंडी हवा चलने से मौसम में ठंड बढ़ गई है।
- हरिद्वार में सुबह से ही कोहरा छाया हुआ। पिछले दो दिनों से ठंड ज्यादा।
- उत्तरकाशी में बादलों के बीच खिली हल्की धूप।

खेल

# इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती दो टेस्ट में नहीं खेलेंगे विराट कोहली

**नई दिल्ली, (एजेंसी) भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज 25 जनवरी को शुरू होगी। पहला मुकाबला हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेला जाएगा। सीरीज के शुरुआती मुकाबले से पहले टीम इंडिया को बड़ा झटका लगा है। दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली पहले दो टेस्ट में नहीं खेलेंगे। बीसीसीआई ने उनके टीम से बाहर होने की पुष्टि की है।**

बीसीसीआई ने बताया कि कोहली निजी कारणों से शुरुआती दो टेस्ट मैचों में नहीं खेलेंगे। अभी तक विराट के रिप्लेसमेंट की घोषणा नहीं की है, लेकिन हैदराबाद टेस्ट मैच से पहले एलान हो सकता है। इससे पहले कोहली निजी कारणों से अफगानिस्तान के खिलाफ पहले टी20 मैच से भी हट गए थे। हालांकि, इस बात का खुलासा नहीं हुआ है कि विराट किस निजी स्थिति से जूझ रहे हैं।

**विराट ने रोहित को दी थी सूचना-** बीसीसीआई की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि विराट पहले ही इस मामले पर कप्तान रोहित शर्मा से बात कर चुके हैं और उन्हें इस मामले पर कप्तान का समर्थन प्राप्त है। कोहली की अनुपस्थिति




में यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर जैसे युवाओं के कंधों पर आगे बढ़ने और प्रदर्शन करने की बड़ी जिम्मेदारी होगी।

सिनेमा

## जो सितारे नहीं पहुंचे राम लला के दरबार... किसी ने जलाए दीए, किसी ने किया भंडारा



सालों बाद राम भक्तों की मनोकामनापूर्ण हुई. अयोध्या के राम मंदिर में राम लला विराजमान हो चुके हैं. कई नेता, अभिनेता और उद्योगपति ऐतिहासिक लम्हे के साक्षी बने. हालांकि, इस दौरान अक्षय कुमार, सलमान खान और अनुष्का शर्मा जैसे कई बड़े बॉलीवुड सेलेब्स अयोध्या में नहीं दिखाई दिए. जानते हैं क्यों.

अनुष्का शर्मा, विराट कोहली

विराट कोहली और अनुष्का शर्मा को अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए इनवाइट किया गया था. पर प्राण प्रतिष्ठा में विराट, अनुष्का के बिना ही राम लला के दर्शन करने पहुंचे थे. चर्चा है कि अनुष्का दूसरी बार मां बनने वाली हैं. शायद यही वजह रही होगी, जो वो प्राण प्रतिष्ठा में शामिल नहीं हो पाईं.

शिल्पा शेट्टी

शिल्पा शेट्टी प्राण प्रतिष्ठा के लिए अयोध्या नहीं गईं, लेकिन खास दिन पर उन्होंने घर पर प्रभु राम के नाम का दिया जलाया. इसके बाद वो सिद्धिविनायक मंदिर दर्शन को पहुंचीं.

अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ

इन दिनों अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ 'बडे मिया और छोटे मिया' फिल्म की शूटिंग में बिजी हैं. दोनों स्टार्स फिल्म के सेट से जय श्रीराम के नारे लगाकर राम भक्ति में डूबे दिखे.

# संपादकीय

## प्राण प्रतिष्ठा-सौहार्द और उल्लासपूर्ण वातावरण

राम मंदिर को बनने में इसलिए इतना वक्त लग गया कि संवैधानिक सिद्धांतों और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत किसी एक आस्था के पक्ष में एकतरफा फैसला करना किसी भी सरकार के लिए मुश्किल जान पड़ता था। हालांकि उसमें राजनीतिक नजरिया भी शामिल था। जबकि आखिरकार सर्वोच्च न्यायालय ने तर्क दिया कि राम जन्मभूमि भारतीय आस्था से जुड़ा मामला है, इसलिए विवादित जगह पर उसे स्वामित्व दिया जाना चाहिए। दूसरे पक्ष के लिए अलग से जगह प्रदान की जानी और उस पर उनकी इच्छा के अनुरूप पूजा स्थल का निर्माण कराया जाना चाहिए। वह फैसला दोनों पक्षों ने मंजूर किया। अयोध्या में राम विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा सौहार्द और उल्लासपूर्ण वातावरण में हो गई। इसके साथ ही लंबे समय से चला आ रहा विवाद भी समाप्त हो गया। राम भारतीय आस्था के प्रतीक हैं। पौराणिक प्रमाणों के अनुसार उनका जन्मस्थान उसी जगह को माना जाता है, जहां अभी भव्य मंदिर बना है। इसी जगह को लेकर करीब पांच सौ वर्षों से विवाद था। भाजपा की प्रमुख प्रतिज्ञाओं में से एक यह भी थी कि वह राम मंदिर का निर्माण राम के मूल जन्म स्थान पर ही कराएगी। इस तरह भाजपा की प्रतिज्ञ भी पूरी हो गई। विवाद इस बात को लेकर था कि राम मंदिर को ध्वस्त कर आक्रांता शासकों ने वहां मस्जिद खड़ी कर दी थी। उस जगह पर मालिकाना हक पाने के लिए संत समाज संघर्ष कर रहा था। अंग्रेजी हुकूमत ने इसका निपटारा दोनों समुदायों के लिए अलग-अलग पूजा करने की इजाजत देकर किया था। मगर संत समाज उससे संतुष्ट नहीं था। आजादी के बाद उस जगह को प्राप्त करने के लिए देश के विभिन्न न्यायालयों का दरवाजा खटखटाया गया। कई मौकों पर केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार ने भी मामले को सुलझाने का प्रयास किया, मगर कोई व्यावहारिक हल नहीं निकल सका। फिर इसके लिए भाजपा ने देशव्यापी आंदोलन चलाया और कारसेवकों के दल ने विवादित ढांचे को ध्वस्त कर दिया था। तब अनवरत सुनवाइयों, गवाहियों के बाद आखिरकार सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला दिया कि विवादित जगह मूल रूप से राम जन्मस्थान है और उस पर संत समाज का हक है। अगर इस मामले को राजनीतिक रंग न दिया गया होता, तो शायद यह इतना लंबा न खिंचता।

**अर्ज़ किया है..!**

*जब इश्क़ सिखाता है*
*आदाब-ए-ख़ुद-आगाही*
*खुलते हैं ग़ुलामों पर*
*असरार-ए-शहंशाही*

*-अल्लामा इक़बाल*




**Health is Wealth**

## डॉक्टर ने बताया आखिर कब

# हाई ब्लड प्रेशर के मरीज को दवा लेना हो जाता है जरूरी



**हाई ब्लड प्रेशर की समस्या इन दिनों काफी ज्यादा आम हो गई है। कम उम्र के युवा इस बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। जिसके कई कारण जिम्मेदार हैं। लगातार बैठे रहना और अनहेल्दी फूड्स खाना ब्लड प्रेशर को बढ़ा रहा है। तो वहीं ज्यादा चिंता और तनाव से भी ब्लड प्रेशर हाई हो जाता है। जबकि एल्कोहल, स्मोकिंग ब्लड प्रेशर को हाई बनाने के लिए जिम्मेदार होती है। इन सबके अलावा ब्लड प्रेशर के सामान्य से ज्यादा होने की समस्या जेनेटिक भी है। परिवार में माता-पिता को हाई ब्लड प्रेशर है तो बच्चों में उसके लक्षण दिखने लगते हैं। ऐसे में दवाओं का लेना जरूरी होता है।**

### हाई ब्लड प्रेशर की दवा ना लेने से नुकसान

हाई ब्लड प्रेशर की दवा को लेकर लोगों के मन में भ्रम रहता है कि अगर दवा खाना शुरू कर दिया तो उम्र भर खाना पड़ेगा। ऐसे में बहुत सारे लोग ब्लड प्रेशर के बढ़ने पर भी दवाओं को नहीं खाते हैं। जिसका नतीजा लंबे समय में नजर आता है। हाई ब्लड प्रेशर से होने वाले नुकसान।

1. लंबे समय में दिल की सेहत को नुकसान होता है।
2. हार्ट के काम करने की क्षमता कम हो जाती है।
3. हार्ट की नसों में हाई ब्लड प्रेशर ब्लॉकेज बढ़ा देता है। जिससे हार्ट अटैक का खतरा रहता है।
4. केवल हार्ट ही नहीं लगातार हाई ब्लड प्रेशर की अनदेखी सांस लेने में तकलीफ, स्ट्रोक, ब्रेन हैमरेज जैसे खतरे को पैदा कर देती है।

### डॉक्टर ने बताया हाई ब्लड प्रेशर की दवा कब लेना है जरूरी

हाई ब्लड प्रेशर में कब दवा खाना जरूरी होता है। इस बारे में हार्ट के डॉक्टर बिमल ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर की है। और बताया है कि जब हार्ट रेट 80/120 होती है तो वो सामान्य है। वहीं जब ये हार्ट रेट 130 तक बढ़ जाती है तो दवा लेने की जरूरत नहीं पड़ती। लेकिन जब हार्ट रेट 130 से 140 तक पहुंचने लगती है। तो दवा लेना जरूरी हो जाता है। क्योंकि इससे हार्ट की मसल्स को डैमेज होने का खतरा बढ़ जाता है।

### इस तरह से कंट्रोल किया जा सकता है हाई ब्लड प्रेशर

1. डॉक्टर बताते हैं कि हाई ब्लड प्रेशर को इन तरीकों से नेचुरली कंट्रोल में रखा जा सकता है।
2. तेल, घी जैसे फैट्स को पूरी तरह से खाना बंद कर देते हैं तो इससे ब्लड में फैट की मात्रा कम होती है।
3. नॉनवेज खाना बंद कर देते हैं।
4. स्मोकिंग और शराब पीना बंद कर देते हैं।
5. ड्राई फ्रूट्स को अवॉएड करते हैं
6. मीट और फिश को खाना बंद कर देते हैं।
7. फल, सब्जियों का सेवन शुरू कर देते हैं और
8. नियमित रूप से वॉक करना शुरू कर देते हैं तो इससे हाई ब्लड प्रेशर को नेचुरली नॉर्मल होने में मदद मिलती है।

## Highlights

1. **Massive fireworks set off in Ayodhya after Ram Temple inauguration, video surfaces**
2. **Ayodhya airport handled 100 chartered flights on Jan 22: Officials**
3. **Swami Vishwaprasanna covers face while offering naivedya**
4. **Tejashwi files affidavit in SC withdrawing 'Gujarati thugs' remark**
5. **Haryana Dy CM blessed with baby girl on Ram Mandir Pran Pratishtha day**
6. **Chicken pox alert in Hyderabad, vaccination advised**

# Zee shares slump 10% after failed Sony India merger

**NEW DEIHI, (Agency).** Zee Entertainment Enterprises Ltd. shares plunged as much as 10 per cent after the cancellation of a planned $10 billion merger with Sony Group's India unit.

Zee's stock traded at ₹208.3 (early trade), marking its lowest point since mid-July 2023. It has experienced an 8 per cent decline since the merger announcement in September 2021 and a 16 per cent drop in 2024, driven by apprehensions surrounding the deal.

Why did Sony call off its India unit merger with Zee?

Sony Group Corp. on Monday formally communicated to Zee Entertainment Enterprises Ltd. its decision to cancel the merger with its India unit.

Sony, in a statement, said, "The Merger did not close by the End Date as, among other things, the




closing conditions to the Merger were not satisfied by then. Sony Pictures Networks India Private Ltd (SPNI) has been engaged in discussions in good faith to extend the End Date but the Discussion Period has expired without an agreement upon an extension of the End Date. As a result, on January 22, 2024, SPNI issued a notice to ZEEL terminating the definitive agreements."

### Zee to move court

Zee Entertainment is planning to take legal action against Sony Group after the Japanese company ended a $10 billion merger in India, it said in a regulatory filing on Monday.

"The Board would like to assure its stakeholders that the Company will take all the necessary actions, in the best interest of all stakeholders, including by taking appropriate legal action and contesting Culver Max and BEPL's claims in the arbitration proceedings. The Board has complete faith in the highly experienced senior management of the Company and will continue to guide the team," said. R. Gopalan, chairperson, Zee.

# India surpasses Hong Kong to become world's fourth-largest stock market

**NEW DEIHI, (Agency).** India's stock market has surpassed Hong Kong's for the first time with the total value of shares listed on Indian exchanges reaching $4.33 trillion as of Monday's close, exceeding Hong Kong's $4.29 trillion, according to Bloomberg data. This makes India the world's fourth-largest equity market.

The stock market capitalisation surpassed $4 trillion on December 5, with about half of that coming in the past four years, the report added.



Why India's stock market is booming? 'Stable political environment and a consumption-driven economy'

Indian equities are surging, fuelled by a growing base of retail investors and robust corporate earnings. India presents itself as a viable alternative to China, attracting global capital and companies due to its stable political environment and a consumption-driven economy among the fastest-growing globally, according to the report.

Ashish Gupta, CIO at Axis Mutual Fund in Mumbai, expressed optimism, saying, "India has all the right ingredients in place to set the growth momentum further."

# सेन्ट्रल जेल में कैदी ने की खुदकुशी

## ◆ सात माह पहले पत्नी की गला काटकर हत्या की थी, डिप्रेशन में होने की आशंका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। सेन्ट्रल जेल में एक विचाराधीन कैदी ने सुसाइड कर लिया। संदिग्ध हालत में उसे जेल प्रहरी एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचा। जेल प्रशासन के मुताबिक अनिल ने दो नंबर बैरक में बनी बाथरूम में पीछे चादर से फांसी लगा ली। घटना सोमवार की है, तब अफसर राम जन्मभूमि कार्यक्रम की तैयारियों में व्यस्त थे। एमजी रोड पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है। कैदी का पोस्टमार्टम कराया गया।**

एमजी रोड पुलिस के मुताबिक कैदी का नाम अनिल (32) पुत्र राजू सामने आया है। अनिल सेन्ट्रल जेल में सजा काट रहा था। सोमवार शाम उसे प्रहरी महेन्द्र गोयल अस्पताल लेकर पहुंचा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि सुसाइड से पहले वह किसी से बात नहीं करता था। उसके डिप्रेशन में होने की भी बात सामने आ रही है। जेल प्रशासन का कहना है पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता लगेगा।

### रामजन्मभूमि कार्यक्रम में व्यस्त था जेल प्रशासन

जिस समय घटना हुई तब कैदी अपनी अपनी बैरक में थे। अफसर पांच नंबर बैरक के यहां राम जन्म भूमि के प्रोग्राम में व्यस्त थे। करीब साढ़े तीन बजे के लगभग उसे अन्य कैदियों ने फंदे पर अनिल को लटके देखा। इसके बाद जेल प्रशासन को सूचना लगी। अफसरों के मुताबिक वह तनाव में था। जेल के अंदर ज्यादा किसी से बात नहीं करता था।

### पहले फल बेचता था

अनिल पत्नी की हत्या के केस में विचाराधीन कैदी था। उसने नारियल काटने वाले बड़े चाकू से पत्नी का गला काट दिया था। वह फल बेचता था। हत्या के केस में पुलिस ने गिरफ्तार किया था। कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया। वह विचारधीन कैदी था।

### महिला ने भी फांसी लगाकर दी जान

छत्रीपुरा इलाके की अर्जुनपुरा बिल्डिंग में रहने वाली एक महिला ने भी फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल पहुंचाया है। पुलिस के मुताबिक महिला का नाम संध्या पुत्र कमल सामने आया है। महिला अपने घर पर अकेली थी। उस समय उसने अपनी जान दे दी। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# चलती मोपेड से गिरे: हार्ट अटैक की आशंका, अस्पताल में तोड़ा दम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। राजकुमार ब्रिज पर एक हादसे में जिला कोर्ट में नोटरी का काम करने वाले बुजुर्ग की मौत हो गई। बताया जाता है कि उन्हें चलती मोपेड पर अटैक आ गया। वह सडक़ पर गिर पड़े। उन्हें उपचार के लिये एमवाय अस्पताल भेजा गया। यहां उनकी मौत हो गई। परदेशीपुरा पुलिस के मुताबिक घटना सोमवार शाम की है। रमेश(65)पुत्र हीरालाल उपाध्याय निवासी पीरगली अपनी मोपेड़ से घर कर तरफ जा रहे थे। राजकुमार ब्रिज पर अचानक उन्हें हार्ट अटैक आ गया। जिसमें गाड़ी रोकने के दौरान वह सडक़ पर गिर गए। उन्हें आसपास के लोगो ने एंबुलेस से अस्पताल भेजा। डॉक्टरो ने चेकअप के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। रमेश जिला कोर्ट में नोटरी ओर टाईपिंग का काम करते थें। उनके परिवार में एक बेटी और दो बेटे है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

## पड़ोसियों में पथराव, 9 साल का बच्चा जख्मी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। संत नगर में रहने वाली दो महिलाओं में विवाद हो गया। एक ने पत्थर मारा, जो 9 साल के बच्चे को लगा। थाना भंवरकुआं पुलिस ने 21 साल की पवित्रा सालवे निवासी न्यू संत नगर की शिकायत पर पड़ोसन पलक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीड़िता बोली कि मेरे पड़ोस में रहने वाली पलक का बिजली का मीटर हमारी दीवार पर लगा हुआ है। मैंने पलक को उसका मीटर निकालने के लिए बोला तो मुझे गालियां देने लगी। मैंने रोका तो पत्थर उठाकर मारा, जो मेरे जेठ के 9 साल के बेटे काव्यांश को पसली पर लगा।

## अनेक स्थानों से बाइक ले भागे चोर

**इंदौर**। शहर में रविवार को अनेक स्थानों पर वाहन  चोरों ने वारदातों को अंजाम देते हुए आधा दर्जन से अधिक बाइक उड़ा ली। सभी मामलों में पुलिस केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी है। विजयनगर पुलिस को फरियादी मोहम्मद अकबर अली निवासी शेखर टावर ने बताया कि उसके घर के सामने खड़ी बाइक एमपी-09-वीटी-6680, लसूडिया थाने में फरियादी अखिलेश पिता भारत सोलंकी निवासी लसूडिया मोरी की बाइक एमपी-09-वीझेड-1609, भव्य पिता मनोज चौधरी निवासी स्कीम नंबर 78 की बाइक एमपी-09-एलसी-6700, खजराना पुलिस को फरियादी आरिफ पिता रफीक खान निवासी खजराना की एमपी-11-एनबी-3358, तिलकनगर थाने में फरियादी राहुल पिता भोजराज नागले निवासी चौहान नगर की बाइक, जूनी इंदौर थाने में फरियादी कैलाश पिता श्रीचंद नागपाल निवासी पैलेस कालोनी की बाइक क्रमांक एमपी-09-यूजी-0501, फरियादी नरेन्द्र पिता प्रदीप पाटीदार निवासी सिंधी कालोनी की बाइक क्रमांक एमपी-09-वीवी-2155 तथा चंदननगर थाने में फरियादी ओंकार पिता केदार प्रसाद तिवारी निवासी लक्ष्मीपुरी कालोनी ने बाइक क्रमांक एमपी-09-वीझेड-7691 चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई है।

## कार से 28 पेटी शराब जब्त, 2 गिरफ्तार

इंदौर। औद्योगिक नगरी पीथमपुर की सागौर पुलिस ने अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई करते हुए रविवार को एक कार से अवैध शराब की कुल 28 पेटी जब्त कर 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। नगर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार मिश्रा ने बताया कि सागौर कुटी की ओर से सफेद रंग कार (रू ॥43क्चष्ट1714) में पीछे की सीट और कार की डिक्की में अवैध शराब छिपाकर लाई जा रही थी। मुखबिर कि सुचना पर उक्त वाहन के साथ आरोपी सन्तोष पिता सुखराम प्रजापति (36) और शुभम पिता समंदर सिंह धाकड़ (28) को गिरफ्तार किया। कार चेकिंग के दौरान उसमें 1,26000 रुपए की कुल 28 पेटी अवैध शराब जब्त की गई। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सागौर नरबद सिंह ढाकुर, सउनि रामप्रसाद मालवीय, संजय सिसौदिया, रोशन गौड, अनिल राठौर, पीयुष मालवीय, प्रदीप यादव, रवि चौधरी, चंदर गावड़, भुषण कामले का सराहनीय योगदान।

## बाइक सवारों ने की महिला से लूट

**इंदौर**। चंदन नगर इलाके में भी सविता माहेश्वरी निवासी द्वारकापुरी के साथ दो बाइक सवारों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया। सविता ने बताया कि वह बीएसएनएल ऑफिस के पास सरिता के यहां पैदल जा रही थी। मेरे हाथ में रखे पर्स को आरोपियों ने पीछे से झपट्?टा मारकर छीना और फरार हो गए। पेट्रोल पंप के पास के पुलिस को आरोपियों के फुटेज मिले हैं। पुलिस ने संदेही को हिरासत में लिया है।

## शहर में दो स्थानों पर लगी आग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। शहर में सोमवार रात दो स्थानों पर आग लग गई। फायर ब्रिगेड अधिकारियों के अनुसार पहली घटना पलासिया चौराहे के समिप मोबाइल दुकान की है। रात करीब 10 बजे आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड की टीम को लगी थी। तुरंत टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने की कोशिश की। वहीं दूसरी घटना सयाजी होटल इंदौर के पास सर्विस रोड स्थित एक माकान की है, रात को आग लगने की सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम यहां पहुंची दोनो ही घटनाओं पर आग लगने के कारण का खुलासा फिलहाल नहीं हो सका है।



## अंतिम यात्रा

मेरी धर्मपत्नी
श्रीमती माधुरी गुप्ता एवं
कविता चित्तौड़ा की
माताजी, मनीष जी गुप्ता
मनोज जी चित्तौड़ा की
सासू मां, स्व.केशव लाल
गुप्ता जी की पुत्रवधू
मधुसूदन,स्व.गोपाल दास,स्व.विजय गुप्ता, ओमप्रकाश
एवं प्रमोद गुप्ता की बहू, रविंद्र राकेश स्व.राजेश पवन
एवं सुमित गुप्ता की काकी जी ऋषिका, रिया, युवराज
एवं परी की नानी मां, भावेश, आर्यन, हेमन एवं मोहक
गुप्ता की दादीजी **श्रीमती शोभा गुप्ता** का
बैकुंठवास 22-01-24 को हो गया है।
**अंतिम यात्रा मंगलवार 23-01-24** को रविंद्र
गुप्ता फ्लेट नंबर 402 अंपायर रीजेंसी श्रीनगर
एनएक्स गोपाल मंदिर के पास ओल्ड पलासिया
इंदौर से सुबह 11:00 बजे तिलक नगर
मुक्तिधाम जावेगी।
**शोकाकुल**: निर्मल कुमार गुप्ता व समस्त गुप्ता परिवार



DETECTIVE GROUP
Detecting the truth
विवाह के बंधन
में बंधने से पहले
एक बार तहकीकात
ज़रूर करवाएँ
लीजिये डिटेक्टिव
की मदद
+91-91110 50101
www.detectivegroup.in

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक